जनोदय पंच

जिला बड़वानी

2

इंदौर–बड़वानी, गुरुवार, 05 मार्च 2026

अग्रवाल कालोनी में महिलाओं और बच्चों ने मनाई यादगार धुलेंडी

सेंधवा में धुलेंडी पर रंगों की फुहार, ग्रामीण अंचलों से शहर तक रंग, गुलाल और भाईचारे का उमड़ा सैलाब

जनोदय पंच. सेंधवा

सेंधवा शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में धुलेंडी का पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया। तिथियों को लेकर बने संशय और 3 मार्च के ग्रहण के कारण मुख्य आयोजन 4 मार्च को हुआ। बाजारों में रौनक रही और विभिन्न समाजों ने परंपरा अनुसार रंगोत्सव मनाया।



तिथि असमंजस के बीच बाजारों में रौनक

सेंधवा शहर और ग्रामीण अंचलों में रंगों का पर्व धुलेंडी उमंग और उल्लास के साथ मनाया गया। 2 मार्च को होलिका दहन के बाद 3 मार्च को ग्रहण होने से धुलेंडी की तिथि को लेकर संशय की स्थिति बनी रही। इसके चलते मुख्य रूप से 4 मार्च को पर्व मनाया गया। सुबह से ही शहर के प्रमुख चौराहों और बाजारों में रंग, गुलाल और पिचकारियों की दुकानें सज गई। ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए सेंधवा पहुंचे। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने गुलाल और रंगों से होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। गली-मोहल्लों में सुबह से रंगों की धूम रही और बच्चे एक-दूसरे पर रंग डालते नजर आए।

समाजों ने निभाई परंपरा, अग्रवाल कालोनी में विशेष आयोजन

3 मार्च को कुछ समाजों ने धुलंडी मनाते हुए रंग खेला। अग्रवाल समाज के सुनील अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल समाज, ब्राह्मण समाज व सोनी समाज ने गमी परिवार के घर पहुंचकर होली का रंग डाला और धुलंडी मनाई। 4 मार्च, बुधवार को अग्रवाल कालोनी में धुलंडी पर रंगों की छटा देखने को मिली। महिलाओं और बच्चों ने एकत्रित होकर पूरे उत्साह से होली खेली। सुबह से ही कालोनी में ढोल की थाप और रंग-बिरंगे गुलाल की खुशबू से वातावरण रंगमय हो गया। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं, जबकि बच्चों ने पिचकारी और रंगों के साथ मस्ती की। हंसी-ठिठोली, गीत-संगीत और रंगों की बौछार ने माहौल को जीवंत बना दिया। महिलाओं ने पारंपरिक होली गीत गाए और मिठाई बांटकर खुशियां साझा कीं। कालोनीवासियों ने कहा कि ऐसे सामूहिक आयोजन सामाजिक समरसता और एकता को मजबूत करते हैं।

इस अवसर पर निकिता अग्रवाल, रिमझिम अग्रवाल, पूजा शर्मा, मोनिका अग्रवाल, स्वाति गोयल, वैशाली कानूनगो, अंकिता चोमूवाला, अंतिम खले, अदिति अग्रवाल, पलक अग्रवाल, कुंज अग्रवाल, अनुश्री चौमूवाला, काव्या अग्रवाल, राध्या गोयल, राघवी गोयल, खुबी अग्रवाल, ग्रंथ चौमूवाला, धीमाही चौमूवाला, तिशा चोमूवाला, लविश शर्मा ने होली खेलकर एकता और सद्भावना का संदेश दिया।

सेंधवा में मातृशक्ति महिला मंडल का धुलेंडी उत्सव धूमधाम से संपन्न

जनोदय पंच.सेंधवा



मातृशक्ति महिला मंडल द्वारा शहर में धुलेंडी उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ किया गया। फूलों की होली, सुमधुर भजनों की प्रस्तुति और महिलाओं के उत्साह ने कार्यक्रम में साक्षात गोकुल-वृंदावन का दृश्य जीवंत कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी सदस्यों का गुलाल एवं फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात भगवान श्रीकृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और भगवान को गुलाल अर्पित कर उत्सव का शुभारंभ किया गया।

महिला मंडल की सदस्यों ने एक से बढ़कर एक होली गीतों की प्रस्तुति दी। मंडल की गायिका हिताक्षी गुरुव ने होली खेल रहे बांके बिहारी और आज बिरज में होली रे रसिया जैसे भजनों की प्रस्तुति दी, जिस पर सभी सदस्य स्वयं को थिरकने से रोक नहीं पाए। पूरा वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण हो गया।

फूलों की होली और प्रतियोगिताएं रहीं आकर्षण का केंद्र

गुलाल के स्थान पर फूलों की होली विशेष आकर्षण का केंद्र रही। गुलाब और गेंदे की पंखुड़ियों की वर्षा के बीच महिलाओं ने एक-दूसरे को बधाई दी, जिससे पूरा हाल रंग-बिरंगी खुशबू से महक उठा। धुलेंडी उत्सव पर सभी महिलाएं पारंपरिक साड़ियों में सज-धजकर पहुंचीं। कार्यक्रम के दौरान बेस्ट धुलेंडी क्वीन और बेस्ट डांस जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं।

कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। भोजन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। उत्सव में अंतिम बाला शर्मा, वर्षा कानूनगो, गीता कानूनगो, लक्ष्मी शर्मा, रेणु भार्गव, अर्चना गुले, शोभा पालीवाल, रेखा मंडलोई, कृष्णा शर्मा, रेखा राठौड़, पूजा ठक्कर, कोमल कानूनगो, वर्षा सोनी, हिताक्षी गुरुव, रितु शर्मा, मेघा सोनी, पूजा सोनी एवं सभी सदस्य उपस्थित थे।

रात्रि गश्त को और अधिक प्रभावी बनाएंगे, महिला संबंधी अपराधों एवं नशे के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई जाएगी- एसपी शुक्ल

रमन बोरखड़े. बड़वानी-सेंधवा





पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री पद्म विलोचन शुक्ल द्वारा जिले के थाना सेंधवा ग्रामीण, थाना सेंधवा शहर, चौकी बलसमूद, थाना जुलवानिया, थाना राजपुर एवं एसडीओपी कार्यालय सेंधवा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य थाना स्तर पर व्यवस्थाओं की समीक्षा, अभिलेखों के संधारण की स्थिति का परीक्षण तथा कानून-व्यवस्था संबंधी तैयारियों का मूल्यांकन करना रहा। रमजान, होली एवं रंगपंचमी जैसे त्योहारों के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक द्वारा सांप्रदायिक सौहार्द, शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु विशेष सतर्कता बरतने तथा आमजन के साथ सहयोगात्मक एवं संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में रात्रि गश्त को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। महिला संबंधी अपराधों एवं नशे के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई जाएगी। बीट प्रणाली को सुदृढ़ कर जमीनी स्तर पर मजबूत सूचना तंत्र विकसित किया जाए।

उन्होंने जन-सुनवाई को प्राथमिकता देते हुए स्पष्ट किया कि थाने आने वाले प्रत्येक फरियादी की शिकायत को गंभीरता एवं संवेदनशीलता से सुना जाए। ÷पीड़ित केंद्रित पुलिसिंग÷ की अवधारणा को व्यवहार में लाने पर जोर देते हुए कहा कि आमजन के मन में पुलिस के प्रति विश्वास एवं अपराधियों में कानून का भय होना चाहिए।

निरीक्षण के दौरान रिकॉर्ड रूम, मालखाना, हवालात, सीसीटीएनएस कक्ष एवं थाना परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की गहन जाँच की गई। जब्त माल की सुरक्षा, अभिलेखों के संधारण, ऑनलाइन प्रविष्टियों की अद्यतन स्थिति एवं सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

पुलिस अधीक्षक द्वारा बलवा ड्रिल सामग्री एवं उपकरणों का निरीक्षण कर उनकी कार्यशीलता का परीक्षण किया गया तथा थाना स्तर पर पदस्थ समस्त पुलिस बल की उपस्थिति का सत्यापन कर अनुशासन, सतर्कता एवं ड्यूटी के प्रति गंभीरता बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कर्तव्यनिष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करने, सतत गश्त एवं निगरानी बढ़ाने, आपराधिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण रखने तथा महिला संबंधी अपराधों में त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डिजिटल रिकॉर्डिंग एवं रिपोर्टिंग में पारदर्शिता बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया।

इस अवसर पर एसडीओपी सेंधवा श्री अजय वाघमारे, थाना प्रभारी सेंधवा ग्रामीण निरीक्षक ओमप्रकाश चांगोड, थाना प्रभारी सेंधवा शहर निरीक्षक दिनेश सिंह कुशवाह, थाना प्रभारी जुलवानिया निरीक्षक राम कुमार पाटिल, थाना प्रभारी राजपुर विक्रम बामनिया एवं चौकी प्रभारी बलसमूद सहायक उप निरीक्षक संजय शर्मा सहित संबंधित थाना एवं चौकी का पुलिस बल उपस्थित रहा।